शनिवार
22 जुलाई 2023



पृष्ठ 4
टमाटर को सुरक्षित स्टोर करने के लिए अपनाएं ये तरीके



पृष्ठ 5
कृति ने किया बतौर निर्माता अपनी पहली फिल्म दो पत्ती का ऐलान



● देहरादून
● वर्ष 31
● अंक 166
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

**आज का विचार**

हजार योद्धाओं पर विजय पाना आसान है, लेकिन जो अपने ऊपर विजय पाता है वही सच्चा विजयी है।
– गौतम बुद्ध

## चमोली हादसाः लापरवाही बरतने पर सुपरवाइजर सहित तीन गिरफ्तार



हमारे संवाददाता

चमोली। नमामि गंगे सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में करंट फैलने से हुए दर्दनाक हादसे में पुलिस ने बडी कार्रवाई की है। पुलिस ने विद्युत उपकरणों की देखरेख में कमी व घोर लापरवाही बरतने के आरोप में लाइनमैन, सुपरवाइजर व जल संस्थान के सहायक अभियन्ता को गिरफ्तार कर लिया है। इस हादसे में 4 पुलिसकर्मियों सहित 16 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 11 घायल हुए हैं।

बता दें कि 18 जुलाई की रात नमामि गंगे सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट पुराना बाजार चमोली में ड्यूटीरत आपरेटर गणेश का शव पाया गया था। सूचना पर पुलिस उप निरीक्षक प्रदीप रावत सहित अन्य पुलिस कर्मी व होमगार्ड मौके पर पहुंचे। मामले में करंट लगना प्रतीत होने पर उन्होने विद्युत विभाग से जानकारी मांगी। जिसके बाद वहां से विद्युत सप्लाई न होने की पुष्टि होने पर ही उन्होने प्लांट में प्रवेश किया। इस दौरान वहां भारी भीड़ जमा हो गयी। बताया जा रहा है कि इसी दौरान निजमुला-कोठियालसैंण विद्युत लाइन में हुए एक फाल्ट ठीक करने के बाद लाइनमैन महेन्द्र सिंह द्वारा नमामि गंगे सीवरेज प्लांट में एक व्यक्ति के मृत होने की सूचना के बावजूद शट डाउन वापस ले लिया गया। जिससे उक्त सीवरेज प्लांट में करंट फैल गया और 16 लोगों की मौत हो गयी तथा कई घायल हुए।

मामले में हल्का पटवारी नीरज स्वरूप द्वारा कोतवाली चमोली में आपराधिक मुकदमा दर्ज कराया गया था, जिसकी विवेचना में पुलिस जुटी थी। पुलिस ने विद्युत विभाग, जल संस्थान के अधिकारियों से पूछताछ और घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद इस बात की पुष्टि की कि एसटीपी के संचालन में घोर लापरवाही बरती गई है। जांच में सामने आया कि एसटीपी प्लांट को चलाने वाली ज्वाइंट वेंचर कम्पनी 1-जेबीएम व 2-कॉन्फिडेंट इंजीनियरिंग इण्डिया प्राईवेट लिमिलेट ने पवन चमोला को सुपरवाइजर नियुक्त किया था। जांच में यह बात भी सामने आई कि जल संस्थान के प्रभारी सहायक अभियन्ता हरदेव लाल आर्य और ज्वाइंट वेंचर कम्पनी के स्वामियों एवं अधिकारियों ने खतरनाक विद्युत उपकरणों के संचालन में घोर लापरवाही बरती गयी।

यही नहीं कंपनी के अधिकारियों

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

## बादल फटने से घरों व स्कूल में घुसा मलबा, भारी नुकसान



हमारे संवाददाता

उत्तरकाशी। देर रात हुई भारी बारिश व बादल फटने से छाड़ा खड्ड में नगर पंचायत पुरोला के वार्ड नं 3 व 4 में कुछ भवनों, वाहनों व सडक आदि को भारी नुकसान पहुंचा है। सूचना मिलने पर रात में ही प्रशासनिक अधिकारियों की टीम एसडीआरएफ के साथ मौके पर पहुंची और उचित कार्यवाही शुरू कर दी गयी है।

देर रात हुई अतिवृष्टि के कारण बड़कोट तहसील के अंतर्गत गंगनानी में भूस्खलन का मलबा आने के कारण जहां कुछ टूरिस्ट कॉटेज क्षतिग्रस्त हुए हैं वहीं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के परिसर में भी मलबा घुस गया है। बताया जा रहा है कि इसके साथ ही पुरोला के छाड़ा खंड में भी बादल फटने के कारण भूस्खलन हुआ है जिसके कारण भूमि कटाव होने से कुछ घरों और दुकानों में मलबा घुस गया।

घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल देर रात प्रशासनिक टीम और एसडीआरएफ के कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। इन घटनाओं में कोई जनहानि नहीं हुई है। उप जिलाधिकारी पुरोला देवानन्द शर्मा और उपजिलाधिकारी बड़कोट जितेंद्र कुमार पुलिस तथा प्रशासन और एसडीआरएफ की टीमों के साथ मौके पर मौजूद हैं।

बताया जा रहा है कि देर रात करीब ढाई बजे हुई इन घटनाओं की जानकारी

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

## पीएम मोदी ने नए भर्ती हुए 70,000 से अधिक युवाओं को बांटे नियुक्ति पत्र



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रोजगार मेले के तहत सरकारी विभागों और संगठनों में शामिल नए भर्ती हुए युवाओं को 70,000 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए । इन युवाओं को सरकार के विभिन्न विभागों में नौकरियां दी गई हैं। इस दौरान उन्होंने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए नवनियुक्त युवाओं को संबोधित भी किया। बता दें कि इससे पहले 13 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के 70 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र बांटे थे। ये नियुक्ति पत्र रोजगार मेला पहल के तहत बांटे गए थे। पिछले साल जून में पीएम मोदी ने कहा था कि अगले डेढ़ सालों में 10 लाख लोगों को मिशन मोड में सरकारी नौकरी दी जाएगी। द्र सरकार की रोजगार मेला पहल के तहत देश भर में 13 जून को 43 जगहों पर रोजगार मेले का आयोजन किया गया था। इसी रोजगार मेला के तहत 70 हजार युवाओं को पीएम मोदी उनकी नौकरी के नियुक्ति पत्र बांटा गया था। इसके बाद पीएम ने नियुक्ति पत्र पाने वाले युवाओं को पीएम संबोधित भी किया था।

## लारेंस विश्नोई व गोल्डी बराड़ के नाम से एक करोड़ की रंगदारी मांगने वाला गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। कुख्यात लारेंस विश्नोई व गोल्डी बराड के नाम से एक करोड़ की रंगदारी मागने के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी शुगर मिल का रिटायर्ड कर्मचारी है जिसने शुगर मिल प्रबंधक को रजिस्टर्ड डाक से धमकी भरा पत्र भेजकर एक करोड़ की रंगदारी मांगी थी।



जानकारी के अनुसार बीती 10 जुलाई को प्रधान प्रबंधक शुगर मिल लक्सर सत्यपाल सिंह द्वारा लक्सर कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि उनके पास रजिस्टर्ड डाक से एक पत्र पहुंचा है जिसमें गैंगस्टर गोल्डी बराड व लोरेंस विश्नोई के नाम से एक करोड रूपये की रंगदारी मांगी गयी है। तथा रंगदारी न देने पर उनको परिवार सहित जान से मारने की धमकी दी गयी है। मामले की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी। जांच में जुटी पुलिस टीम द्वारा रजिस्टर्ड डाक की डिलीवरी के सम्बन्ध में सभी तथ्यों को गहराई से समझते हुए कड़ी से कड़ी जोड़कर जानकारी प्राप्त की और लक्सर रूडकी क्षेत्र में सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज खंगाले गये।

पुलिस टीमों के आपसी तालमेल और छोटी-छोटी बातों को आपस में कनेक्ट करते हुए आरोपी लोकेश कुमार शर्मा पुत्र महेन्द्र दत्त शर्मा निवासी मेन बाजार लक्सर को देर रात थाना क्षेत्र से दबोच लिया गया।

पुलिस के अनुसार आरोपी 2019 में शुगर मिल से रिटायर हो गया था व वर्ष

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

दून वैली मेल

## संपादकीय

# निर्वस्त्र होती राजनीति

राजनीतिक हिंसा और कारणों से महिलाओं को निर्वस्त्र करने, उन्हें पीटने और सामूहिक दुराचार की जो घटनाएं सामने आ रही है वह अत्यंत ही निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है। उससे भी ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण है इन मामलों पर चर्चा को लेकर संसद में होने वाला हंगामा और नेताओं का एक दूसरे को कटघरे में खड़े करने की कोशिश किया जाना। जो इन महिलाओं को निर्वस्त्र ही नहीं कर रहा है वर्तमान दौर के नेताओं और राजनीति के निर्वस्त्र होने का प्रमाण है। मणिपुर की घटना को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच संसद में महासंग्राम जारी है जिसके कारण संसद का कामकाज ठप है। वही कल दिल्ली में कोलकाता के हावड़ा में पंचायत चुनाव के दौरान एक महिला प्रत्याशी से मारपीट और उसको निर्वस्त्र किए जाने की घटना को लेकर भाजपा सांसद लोकेश चटर्जी ने तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को कटघरे में खड़ा किया गया। सवाल यह नहीं है कि किस राज्य में किसकी सरकार है और इस तरह की घटनाओं को अंजाम देने वाले किस दल के हैं। सवाल यह है कि इन शर्मनाक घटनाओं को लेकर देश के नेता और राजनीतिक लोग कितने संवेदनशील हैं? अगर सत्ता पक्ष में सच सुनने का साहस है तो उसे सदन में इस पर गंभीर चर्चा के लिए तैयार होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो संसद से बाहर मीडिया के सामने खेद जताकर और घटना को निंदनीय बता कर दोषियों को कठोर सजा दिलाने की बात कर रहे हैं वह सदन में आकर यह सब कहने को और मणिपुर के लोगों को यह आश्वासन देने पर क्यों तैयार नहीं हैं कि भविष्य में उनके तो क्या देश के किसी भी राज्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृति नहीं होने दी जाएगी। यह कोई पहला मर्तबा नहीं है जब सत्ता पक्ष के द्वारा सार्थक चर्चा की मांग से बचने के लिए संसद की कार्यवाही बाधित हो रही हो। वर्तमान भाजपा की केंद्र सरकार पर यह आरोप विपक्ष हमेशा लगाता रहा है कि पीएम सिर्फ अपने मन की बात सुनाते हैं विपक्षी या जनता के मन की बात को कभी भी सुनने को तैयार नहीं होते? स्वस्थ लोकतंत्र और संसदीय परंपरा व मर्यादाओं को बनाए रखने के लिए सरकार को विपक्ष की बातों को सुनना और उसका वाजिब जवाब देना भी जरूरी है। सरकार के इस रवैया का जनता में कोई अच्छा संदेश नहीं जा रहा है। मणिपुर और हावड़ा की घटनाओं को लेकर अगर नेता एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाकर अपनी जवाबदेही से बचने की कोशिश कर रहे हैं तो वह अपनी ही छी-छलेदरी ही कर रहे हैं। जनता देख रही है कि जिन घटनाओं को लेकर दुनिया भर में देश शर्मसार हो रहा है उन घटनाओं पर भी देश के नेताओं द्वारा किस तरह से बेशर्मी दिखाई जा रही है। इन घटनाओं को लेकर देशवासियों के मन में भारी आक्रोश और गुस्सा है उससे भी अधिक गुस्सा और आक्रोश राजनीतिक संवेदनहीनता को लेकर है। अच्छा हो कि सरकार इन अति संवेदनशील मुद्दों पर अपना अहम और तानाशाह पूर्ण रवैया त्याग कर संसद में धैर्य से विपक्ष की बात सुने और उसका समाधान निकाले अन्यथा ऐसी स्थिति में न संसद की कार्यवाही चलना संभव है और न समस्या का समाधान। सरकार जो महिलाओं के सम्मान का ढिंढोरा संसद से बाहर पीटती रही है उसकी गूंज संसद में भी सुनाई पड़नी चाहिए।

## कोषागार अधिकारी बन ठगे 64 हजार रुपये

देहरादून (सं)। कोषागार अधिकारी बन पेंशन के नाम पर 64 हजार रूपये ठगने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिमला बाईपास निवासी केपी दुबे ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि 26 जून 2023 को उसके मोबाइल पर फोन आया कि मैं दीपक वर्मा, कोषागार सहायक, ट्रेजरी आफिस, जवाहर भवन लखनऊ उ.प्र. से बोल रहा है। उसके माह जून, 2023 के पेन्शन भुगतान के लिए डिजिटल लाईफ सार्टिफिकेट ट्रेजरी आफिस जवाहर भवन लखनऊ से आनलाईन बनाया जाना है। इसके लिए उनके द्वारा उसको उपरोक्त मोबाइल पर एल्पेमिक्स एप डाउनलोड कराकर उसकी पेन्शन डिटेल उनके द्वारा साझा किये गये। तदोपरान्त उक्त एप में उनके द्वारा बताये गये विवरण प्रपत्र के अनुसार उसके द्वारा भरा गया। तथाकथित दीपक वर्मा को कोषागार सहायक, ट्रेजरी आफिस, जवाहर भवन लखनऊ का अधिकारी/कर्मचारी समझ कर उसके द्वारा अपने विवरण साझा किये गये। उक्त व्यक्ति ने उसके नाम से क्रेडिट कार्ड जारी कराकर उसके खाते से 64 हजार 751 रूपये निकाल लिये हैं। जिसके बाद उसको पता चला कि उसके साथ ठगी हो गयी है।

उपह्वरे गरीणां सगमे च नदीनाम् ।
धिया विनो अजायत ।

(ऋ० ८.६.२८)

मोक्षार्थी पुरुष को चाहिये कि वह एकान्त देश में जैसे पर्वतों की गुफा में व नदियों के संगम पर बैठ कर परमात्मा का ध्यान करे और एकान्त देश में ही वेदों के पवित्र मन्त्रों का विचार करे। तब ही वह विप्र और ब्राह्मण कहलाने के योग्य है। ब्राह्मण शब्द का भी यही अर्थ है कि ब्रह्म जो शब्द ब्रह्म वेद है, इसके पठन और विचार आदि से ब्राह्मण होता है, और ब्रह्म अविनाशी सर्वत्र व्यापक परमात्मा का जो ज्ञानी भक्त है वही ब्राह्मण कहलाने योग्य है। इसी ज्ञानी को विप्र भी कहते हैं, ऐसे वेदवेत्ता प्रभु के अनन्य भक्त ही ब्राह्मण होने चाहिये, न कि रसोई बनानेवाले बनियों की व्यापार वृत्ति व नौकरी करने वाले।

## एनएपीएसआर ने बारिश से प्रभावित बस्तियों को भेजी आपदा राहत सामग्री

संवाददाता

देहरादून। नेशनल एसोसिएशन फॉर पैरेंट्स एंड स्टूडेंटस राइटस द्वारा बारिश से प्रभावित बस्तियों को राहत सामग्री घरेलू सामान व कपडे भिजवाये।




आज यहां नैशनल एसोसिएशन फॉर पैरेंट्स एंड स्टूडेंट्स राइट्स द्वारा मलिन बस्तियों के लिए राहत सामग्री भिजवाई गयी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष आरिफ खान ने बताया कि इस वर्ष हुई भारी बारिश के कारण देहरादून के कई इलाकों मे पानी भर जाने के कारण आम जनजीवन अस्त व्यस्त हुआ है जिसके कारण अधिकतर प्रभावित झुग्गी-झोपड़ी मे रहने वाले हुए हैं। जिनमे कई घर ऐसे भी हैं जिनके घर मे कपड़े व अन्य सामग्री खराब हो चुकी है। इसी के चलते एनएपीएसआर द्वारा अपनी सहयोगी संस्थाओं व समाज सेवियों से कपड़े व घरेलू सामान देने की अपील की गई थी जिसके कारण दून वासी भी खुलकर सामने आए और एनएपीएसआर के रायपुर स्थित बुक बैंक मे तारा फाउंडेशन,ओएनजीसी रिटायर्ड महिलाओं के सामाजिक ग्रुप स्वयं सिद्धा,आईआईपी सेवानिर्वत वैज्ञानिक डॉ. के.एम. अग्रवाल, सिख वेलफेयर से सरदार जी.एस.जस्सल, श्रीमती जस्मिन्द्र कौर, सालावाला केंद्रीय विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती विभा पोखरियाल नौडियाल, आयुध निर्माणी विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती बीना सिंह, श्रीमती स्वाति अनूप राणा, बीना शर्मा, श्रीमती सरोजनी, श्रीमती अलीमा जैद, आयुध निर्माणी पूर्व छात्र साथियों हरदेव रावल, सुशील कुमार, संजय कुमार, परवीन जोशी इत्यादि ने बुक बैंक मे राहत सामग्री जमा करवाई। जिसको भेजने के लिए एक बड़ी मालगाड़ी की व्यवस्था करते हुए रीठामंडी स्थित दरभंगा कॉलोनी मे समाज सेवी गजेन्द्र रमोला की संस्था न्योविजन को भेज दिया गया है ताकि वो राहत सामग्री सही और जरूरतमन्द लोगों तक पहुंचाई जा सके। इस पुनीत कार्य को अंजाम देने के लिए एनएपीएसआर बुक बैंक व अपनी पाठशाला संचालिका कविता खान, वॉलिंटियर्स आशीष कुमार, ईशान खान, शिवम वर्मा व अमित कुमार ने अपना योगदान दिया।

## इंडिगो एयरलाइंस में नौकरी के नाम पर ठगे साढे छह लाख रुपये

देहरादून (सं)। जिला त्वांग अरूणाचल प्रदेश निवासी पेमा इटोन पुत्री नुगरूप सीरिन ने डालनवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह यहां करनपुर में किराये का कमरा लेकर पढाई कर रही है। उसको आनलाईन माध्यम से पता चला कि इंडिगो एयरलाइंस में जॉब आई है और उसने ग्राउंड स्टाफ के लिए वीडियो काल के माध्यम से इन्टरव्यू दिया। 19 जून को उसको वहां से काल आई कि उसका सलेक्शन हो गया है और उसको सिक्योरिटी जमा करनी होगी जो उसने आनलाईन ट्रान्जैक्शन से दो हजार रुपये की फिर 20 जून को यूनिफार्म के लिए 5900 रुपये जमा करवाये, फिर वह उससे 15 जुलाई तक किसी ना किसी बहाने पैसा जमा करवाते रहे। उनके झांसे मे आकर 15 जुलाई तक उसने उन्हे 655490 रुपये दे दिये है इसके बाद भी उससे एक लाख रूपये और जमा करने के लिए कहा तो उसको पता चला कि उसके साथ ठगी हो गयी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## 20 लाख की नशीली दवाओ सहित दो गिरफ्तार



हमारे संवाददाता

हरिद्वार। धर्मनगरी में नशीली दवाओं की तस्करी कर रहे दो लोगों को पुलिस ने 20 लाख रूपये की नशीली दवाओं व तस्करी में प्रयुक्त कार सहित गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार कल देर शाम थाना गंगनहर पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में कुछ नशा तस्कर नशीली दवाओं की तस्करी हेतू आने वाले है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान पुलिस को माधोपुर अंडरपास पर एक संदिग्ध कार आती हुई दिखायी दी। पुलिस ने जब उसे रोकना चाहा तो कार सवार दो लोग उतर कर भागने का प्रयास करने लगे। इस पर उन्हे घेर कर दबोचा गया। कार की तलाशी के दौरान पुलिस ने उसमें रखी भारी मात्रा में नशीली दवाएं (लगभग 82,400 ट्रामडोल टैबलेट) बरामद की।

पूछताछ में उन्होने अपना नाम मोहित पुत्र जसवीर सिह निवासी ग्राम रामपुर निजामपुर थाना देवबन्द व इन्द्रेश पुत्र लहरी सिह निवासी ग्राम टिकौला कला थाना मंगलौर हरिद्वार बताया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है। बरामद नशीली दवाओं की कीमत 20 लाख रूपये आंकी गयी है।

## जीएसटी कम करने की मांग को लेकर व्यापारियों ने दिया ज्ञापन

संवाददाता

देहरादून। महानगर कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने एडीशनल कमिश्नर जीएसटी से मुलाकात कर उनको जीएसटी कम करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।



आज यहां महानगर कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ पदाधिकारियों व व्यापारियों ने एडीशनल कमिश्नर अनिल सिंह राज्य जीएसटी से मुलाकात की और रेलवे स्टेशन से आशा रोड़ी माल ले जा रहे हैं उसका हम ने विरोध किया एडीशनल कमिश्नर अनिल सिंह ने कहा रेलवे स्टेशन से आशा रोड़ी माल नहीं ले जाया जाएगा और जिसके पास बिल होगा उसका माल उसे बिना खोलें दे दिया जाएगा।

महानगर कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुनील कुमार बांगा ने कहा व्यापारी बिल पर माल लाते हैं फिर भी माल खोलकर परेशान किया जाता है। अनिल सिंह ने आश्वासन दिया आपका माल खोला नहीं जाएगा बिल दिखाने पर दे दिया जाएगा। जो बिना बिल के माल होगा उस पर पेनल्टी लगाई जाए और जीएसटी विभाग से जीएसटी की दरें कम करने के लिए ज्ञापन दिया। जीएसटी की दरें ज्यादा होने से महंगाई बढ़ रही है चीजों के दाम बढ़ जाते हैं। ऑनलाइन बिजनेस होने की वजह से व्यापारियों को माल बेचने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दुकानों के खर्चे निकालना कर्मचारियों के खर्चे निकालना बिजली का बिल देना बहुत मुश्किल हो गया है। इस अवसर पर व्यापारी राजेंद्र सिंह घई, गोलू धूपड, राहुल कुमार वाधवा, मनोज कुमार आदि लोग मौजूद थे।

# अश्वगंधा आपको रोगों से बचाता है!

अश्वगंधा एक झाड़ीदार पौधा होता है। इसकी जड़ों में बहुत से पौष्टिक तत्व होते हैं। अश्वगंधा के बीज, फल एवं छाल का विभिन्न रोगों के उपचार में प्रयोग किया जाता है। यह मधुमेह से पीड़ित लोगों में मोतियाबिंद जैसी समस्या पर भी लगाम लगाता है। आइए जाने अश्वगंधा के फायदे:-

कैंसर में फायदेमंद

कैंसर की दवाएं बीमार कोशिकाओं के साथ-साथ सामान्य कोशिकाओं को भी नुकसान पहुंचाती है, जिससे अन्य रोगों के बढ़ने की आशंका हो जाती है। लेकिन कैंसर की दवाओं के साथ अश्वगंधा का सेवन करने से अद्भुत फायदा देखा गया है। अश्वगंधा के प्रयोग से केवल कैंसर ग्रस्त कोशिकाएं व न्यूरान्स ही नष्ट हुए, जबकि अन्य कोशिकाओं को कोई नुकसान नहीं हुआ।

झुर्रियां गायब होंगी

यदि किसी को चर्म रोग है तो उसके लिए भी अश्वगंधा बहुत लाभकारी है। इसका चूर्ण बनाकर तेल से साथ लगाने से चर्म रोग से निजात पाई जा सकती है। नैशनल इंस्टि्यूट ऑफ अडवांस साइंस ऐंड टेक्नॉलजी के वैज्ञानिकों के अनुसार अश्वगंधा के सेवन से त्वचा पर पड़ने वाली झुर्रियों से भी बचा जा सकता है।

फोड़े-फुंसी नहीं होंगे

अश्वगंधा की पत्तियां त्वचा रोग, शरीर की सूजन एवं शरीर पर पड़े घाव और जख्म भरने जैसी समस्या में भी बहुत उपयोगी हैं। अश्वगंधा के पौधे को पीसकर लेप बनाकर लगाने से शरीर की सूजन, शरीर की किसी विकृत ग्रंथि और किसी भी तरह के फुंसी-फोड़े में लगाने से आराम मिलता है।

ये भी लाभ

हाई ब्लड प्रेशर की समस्या से पीड़ित लोग यदि अश्वगंधा के चूर्ण का दूध के साथ नियमित सेवन करेंगे तो निश्चित तौर पर उनका प्रेशन नॉर्मल हो जाएगा। इसके अलावा शरीर में कमजोरी या दुर्बलता को भी अश्वगंधा तेल से मालिश कर दूर किया जा सकता है। गैस संबंधी समस्या में भी ये पौधा अत्यंत लाभदायक होता है। सांस संबंधी रोगों से निजात पाने के लिए अश्वगंधा के क्षार को शहद को घी के साथ मिलाकर सेवन करने से बहुत लाभ मिलता है।

आयुर्वेदाचार्य, ए के गर्ग के मुताबिक, अश्वगंधा पौधे की जड़ पौष्टिक होने के साथ ही पाचक अम्ल और प्लेग जैसी महामारियों से निजात दिलाती है। इसके अलावा खांसी, क्षयरोग और गठिया में भी यह लाभदायक है।

## दुकान का ताला तोड सामान चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने दुकान का ताला तोड वहां से सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार जामुनवाला निवासी बृजकुमार ने प्रेमनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी क्षेत्र में दुकान है। आज जब वह अपनी दुकान पर पहुंचा तो उसने देखा कि दुकान का ताला  टूटा हुआ था तथा अन्दर सारा सामान बिखरा हुआ था। चोर दुकान से एक सिलेंडर, कोल्डड्रिंक, रस की पेटी आदि सामान चोरी करके ले गये हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## शौरूम का ताला तोड सामान चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने शौरूम का ताला तोड वहां से हजारों का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार कनखल हरिद्वार निवासी राहुल अरोडा ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका यहां कारगी चौक पर शौरूम है। आज जब वह अपने शौरूम पर पहुंचा तो उसने देखा कि शौरूम का ताला टूटा हुआ था तथा अन्दर सारा सामान बिखरा हुआ था। चोर वहां से बेटरी कंट्रोलर, मोटर, डिफेंडर टयूब, ड्रम व अन्य सामान चोरी करके ले गये हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## घर में घुसकर मारपीट में दो के खिलाफ मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। घर में घुसकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार  विजय कालोनी निवासी सच्चिानंद यादव ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह घर पर था तभी उसके पडोस में रहने वाले सचिन कोठारी, राहुल कोठारी उसके घर में घुस आये और उसके साथ गाली गलौच करने लगे उसने जब उनका विरोध किया तो उन्होंने उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। जब आसपास के लोग उसको बचाने आये तो दोनों उसको जान से मारने की धमकी देकर चले गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# बाप ने दिया बच्चे को जन्म



न्यूयॉर्क। एक शख्स ने अपने ही बच्चे को जन्म दिया है क्योंकि उसकी पार्टनर मेडिकली इसके लिए फिट नहीं थी। वो गर्भवती नहीं हो सकती थी। इस खबर को सुनने के बाद लोग हैरानी जता रहे हैं। उनके जहन में ये सवाल आ रहा है कि भला एक पिता कैसे अपने बच्चे को जन्म दे सकता है। लेकिन 27 साल के सैलेब बोल्डन ने ऐसा वाकई में किया है। उनकी 25 साल की पत्नी नियाम बोल्डन गर्भवती नहीं हो सकती थीं। इसी वजह से उन्होंने अपनी ट्रांजीशन जर्नी रोक दी। इसके पीछे का कारण ये है कि सैलेब बोल्डन एक ट्रांसजेंडर पुरुष हैं। दरअसल वो पहले एक महिला थे और अब पुरुष बनने के लिए अपना इलाज करा रहे हैं। उनका इलाज अब भी जारी है। उनका शरीर काफी हद तक पुरुष वाला हो गया है। लेकिन जब पता चला कि नियाम गर्भवती नहीं हो सकतीं, तो उन्होंने अपने इलाज को कुछ समय के लिए रोक लिया। वो गर्भवती हुए और बच्चे को जन्म दिया। अब वो अपना आगे का इलाज पूरा कराएंगे। बेटी का नाम इलसा राए रखा गया है। सैलेब का कहना है, मैं अन्य ट्रांस लोगों को ये कहना चाहता हूं कि एक बच्चे को कैरी करना गलत नहीं है।

न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, नियाम का तीन बार गर्भपात हुआ है। 23 सप्ताह और 27 सप्ताह में मृत जुड़वां बच्चों का जन्म हुआ। उन्हें डॉक्टर ने बोल दिया था कि अब वो मां नहीं बन पाएंगी क्योंकि उनके एग्स परिपक्व नहीं हैं और फर्टिलाइज नहीं हो सकते। ये परिवार इंग्लैंड के कैंब्रिज में रहता है। कई विकल्पों पर विचार करने के बाद सैलेब ने बच्चे को जन्म देने का फैसला लिया। उन्होंने गर्भवती होने के लिए टेस्टोस्टेरोन इंजेक्शन लेना बंद कर दिया। एक ट्रांसजेंडर पिता के लिए ये कठिन फैसला था। उन्होंने 2017 में अपने शरीर में बदलाव करवाने शुरू किए थे। वो पेशे से एक स्टोर मैनेजर हैं।

उन्होंने कहा कि ये आत्मा को झकझोर देने वाला था। मैं बेहद कम उम्र से ही जानता था कि मुझे जेंडर चेंज करवाना है। लेकिन ये भी जानता था कि मुझे और मेरी पार्टनर को लंबे वक्त से इसकी चाहत थी। तो मैंने इसे करने का फैसला लिया। उन्होंने जनवरी 2022 में इंजेक्शन लेना बंद कर दिया। जबकि 27 महीने से ले रहे थे। कपल ने अपने स्पर्म डोनर से सोशल मीडिया पर मुलाकात की। छह महीने और तीन बार की कोशिश के बाद सैलेब गर्भवती हुए। कुछ ने तो कहा कि पुरुष गर्भवती नहीं हो सकते। लेकिन सैलेब ने ये कर दिखाया। उन्होंने मई 2023 में बेटी को जन्म दिया है।

# पूजा-पाठ में नारियल को शुभ और मंगलकारी माना गया है

हिन्दू धर्म के मुताबिक पूजा में नारियल बहुत महत्पूर्ण माना जाता है। घर की पूजा, नए घर क प्रवेश, नई गाडी, नया बिजनेस शुरू करना हो या किसी भी शुभ करना हो नारियल फोडकर किया जाता है। भारतीय सभ्यता में, पूजा-पाठ में नारियल को शुभ और मंगलकारी माना गया है।

महा लक्ष्मी की प्राप्ति में एकाक्षी नारियल का विशेष महत्व है। अमूमन पर नारियल में दो काले बिंदू होते हैं, बहुत कम मात्रा में ऐसे नारियल मिलते हैं जिस पर एक ही काला बिंदू होता है। इसे ही एकाक्षी नारियल कहते हैं। एकाक्षी नारियल घर में स्थायी संपत्ति, सुख और शांति देता है।

नारियल को संस्कृत भाषा में श्रीफल कहा गया है। श्री का अर्थ होता है लक्ष्मी। लक्ष्मी के बिना कोई भी शुभ कार्य पूर्ण नहीं हो सकता है इसलिए शुभ कार्यों में नारियल अवश्य ही रखा जाता है। ऐसी मान्यता है कि इससे शुभ कार्य में किसी प्रकार की बाधा नहीं आती है।

नारियल ऊपर से सख्त आवरण से ढका होता है इसलिए बाहरी प्रदूषण का इस पर कोई प्रभाव नहीं होता है। यह अंदर से निर्मल और पवित्र होता है। अगर आपको व्यापार में लगातर हानि हो रही हो तो गुरूवार के दिन एक नारियल लेकर सवा मीटर पीले वस्त्र में लपेटे, एक जोडा जनेऊ, सवा पाव पीले मिष्ठान के साथ किसी विष्णु मंदिर में हानि रोकने में प्रार्थना व संकल्प के साथ रख आएं। फिर देखिए कुछ ही दिनों में व्यापार में तेजी आने लगेगी।

जिस घर में पूजित नारियल हो उसे घर में सदस्यों पर तांत्रिक प्रभाव नहीं होते हैं।

# प्रेगनेंट महिलाओं के तनाव लेने का असर गर्भस्थ शिशु पर पड़ता है

हंसना किसी दवा से कम नहीं है, इससे मूड अच्छा होता है। प्रेग्नेंसी में हंसने से स्ट्रेस लेवल भी कम होता है। प्रेगनेंट महिलाओं के तनाव लेने का असर गर्भस्थ शिशु पर पड़ता है, इसलिए इस दौरान महिलाओं को खुश रहने और खूब हंसने के लिए कहा जाता है ताकि मां और बच्चा दोनों स्वस्थ रहें।

हंसने से न केवल आपको खुशी मिलती है बल्कि इससे गर्भस्थ शिशु के विकास में भी मदद मिलती है। प्रेग्नेंसी में हंसने के कई फायदे होते हैं जिनके बारे में आज हम आपको यहां बताने जा रहे हैं।

गर्भावस्था में हंसने का फायदा

प्रेग्नेंसी हार्मोंस के कारण प्रेगनेंट महिला को अचानक दुख और डिप्रेशन महसूस हो सकता है। प्रेग्नेंसी में दवाओं का सेवन कम से कम करना चाहिए। इसकी बजाय आप कॉमेडी और मजाकिया शोज देखकर या चुटकुले सुनकर हंस सकती हैं। इससे मूड भी ठीक रहता है और धीरे-धीरे डिप्रेशन के लक्षणों में भी कमी आती है।

शिशु के विकास में मदद मिलती है

जब भी आप अल्ट्रासाउंड के लिए जाती हैं तो जरा हंसकर देखें कि आपका शिशु कैसी प्रतिक्रिया देता है। जब मां प्रेग्नेंसी में खुश और उत्साह से परिपूर्ण रहती है तो बच्चा ज्यादा एक्टिव रहता है और उसका विकास भी बेहतर होता है।

प्रीमैच्योर लेबर का खतरा

ऐसे कई कारक हैं जो प्रीमैच्योर डिलीवरी का कारण बनते हैं और जब मां की इम्युनिटी कमजोर हो तो इसका खतरा और बढ़ जाता है। इम्युनिटी कमजोर होने पर वायरस, बैक्टीरिया आदि आसानी से प्रभावित करते हैं और इसका बुरा असर मां एवं बच्चे दोनों पर पड़ता है।

इंफेक्शन से मां से ज्यादा शिशु को नुकसान पहुंचने का खतरा रहता है। इसकी वजह से बच्चे का नौ महीने से पहले जन्म या कोई जन्म विकार हो सकता है।

मस्तिष्क का विकास

अगर आप इंटेलेजेंट बच्चा चाहती हैं तो प्रेग्नेंसी में वो सब काम करें जिससे शिशु के मस्तिष्क के विकास में मदद कर सके। डायट के अलावा मां का खुश रहना भी शिशु के विकास के लिए जरूरी होता है। इससे गर्भस्थ शिशु के मूवमेंट पर तो असर पड़ता ही है साथ ही दिमाग की कोशिकाओं का भी विकास होता है।

प्रेग्नेंसी दर्द होता है कम

गर्भावस्था में मॉर्निंग सिकनेस, कमर दर्द, ऐंठन, पैरों में सूजन और गर्भावस्था में सिरदर्द होता है। हंसने से आपका ध्यान दर्द से हटता है और शरीर में कुछ ऐसे केमिकल रिलीज होते हैं जो नैचुरल पेन किलर यानी दर्द निवारक का काम करते हैं।

ब्लड प्रेशर कंट्रोल में रहता है

प्रेग्नेंसी में हाई ब्लड प्रेशर सबसे ज्यादा खतरनाक होता है और इससे जल्दी प्री-क्लैंप्सिया एवं कई तरह की समस्याएं हो सकती हैं। प्रीमैच्योर डिलीवरी भी हो सकती है या फिर स्थिति ज्यादा बिगड़ने पर सिजेरियन डिलीवरी करवाने की जरूरत पड़ सकती है। खुश रह कर और रोज हंसने से तनाव में कमी आती है जिससे ब्लड प्रेशर कंट्रोल में और शरीर स्वस्थ रहता है।

# बारिश में भीगने के बाद होने लगे खुजली तो अपना लें ये उपाय, दूर हो जाएगी समस्या

गर्मी के बाद जब बारिश की बूंदे पड़ती है तो इसमें हर कोई भीगना पसंद करता है। कुछ लोग इस पल को खूब इंजॉय करते हैं। हालांकि जब पसीने के ऊपर बारिश की बूंदे गिरती है तो इससे खुजली और रैशेज की समस्या हो जाती है। इससे इंफेक्शन फैलने का खतरा बना रहता है। कई बार लोशन वगैरा लगाने से भी आराम नहीं मिलता है। ऐसे में अगर आप को भी भीगने के बाद खुजली की समस्या हो रही है तो आप कुछ घरेलू उपाय को आजमा सकते हैं। इससे आपको जल्दी राहत आराम मिल सकता है। आइए जानते हैं इस बारे में।

नीम का पानी-बारिश में भीगने के बाद आप खुजली से छुटकारा पाना चाहते हैं तो नीम का इस्तेमाल कर सकते हैं। नीम में एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण पाए जाते हैं, जिससे खुजली में राहत मिल सकती है। इसके लिए आप 10 से 15 नीम के पत्ते को उबाल लीजिए और इसे ठंडा करके पानी में मिलाकर नहा लीजिए।

नारियल का तेल-नारियल का तेल भी अपने एंटीबैक्टीरियल गुणों के लिए जाना जाता है यह संक्रमण और खुजली से छुटकारा दिलाने में काफी फायदेमंद है इसके लिए आप नारियल के तेल को प्रभावित हिस्से पर लगाएं इससे स्किन में नमी बरकरार रहेगी और खुजली से भी छुटकारा मिलेगा।

एलोवेरा जेल-एलोवेरा जेल का इस्तेमाल करने से भी आप को फायदा मिल सकता है। इसमें भी एंटीबैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं जो संक्रमण से बचाते हैं। साथ ही यह अपने सूदिंग गुणों के लिए भी जाना जाता है। इसे लगाने से जलन में आराम मिल सकता है।

सेब का सिरका-आप सेब का सिरका भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे भी खुजली दूर करने में मदद मिल सकती है। इसके लिए आप गुनगुने पानी में सेब का सिरका मिलाएं और इसे प्रभावित हिस्से पर लगाएं या फिर पानी से नहा लें।

टी ट्री ऑयल-टी ट्री ऑयल में भी मौजूद एंटी बैक्टीरियल गुण होते हैं जो आपको खुजली और रैशेज से छुटकारा दिला सकते हैं। आप तेल को प्रभावित हिस्सों पर कॉटन की मदद से लगाएं। फिर कुछ देर के बाद इसे पानी से धो लें।(आरएनएस)

# जवान में एक्शन अवतार में दिखीं नयनतारा

शाहरुख खान की फिल्म जवान से जुड़ी आए दिन नई जानकारी सामने आ रही है। फिल्म का टीजर रिलीज होने के बाद से इसकी रिलीज को लेकर दर्शकों का उत्साह चरम पर है। शाहरुख के प्रशंसक तो उनकी इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म से शाहरुख की झलक तो सब देख ही चुके हैं और अब इससे उनकी हीरोइन नयानतारा का पहला पोस्टर भी जारी हो चुका है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

शाहरुख ने नयनतारा की झलक साझा कर लिखा, वह तूफान से पहले आने वाली गड़गड़ाहट है। उनके प्रोडक्शन हाउस रेड चिलीज एंटरटेनमेंट की तरफ से किए गए पोस्ट में लिखा गया, इन पर डर का कोई जोर नहीं। नयनतारा का यह बिंदास लुक आते ही सोशल मीडिया पर छा गया है, जिसमें वह बंदूक थामे नजर आ रही हैं। प्रशंसक अभिनेत्री के इस एक्शन पैक्ड अवतार पर खूब प्यार बरसा रहे हैं। एक ने लिखा, वाह! स्टाइलिश बॉस लेडी।

जवान एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। चर्चा है कि इस फिल्म में शाहरुख डबल रोल में नजर आएंगे। उनकी एक भूमिका एक खूंखार गैंगस्टर की होगी तो दूसरी भूमिका में वह खूफिया एजेंसी के जांच अधिकारी के रूप में नजर आएंगे। नयनतारा भी फिल्म में जांच अधिकारी के रूप में नजर आने वाली हैं। ऐसे में दोनों फिल्म में जबरदस्त एक्शन करते दिखेंगे। इसी के साथ फिल्म में शाहरुख और नयनतारा के रोमांटिक सीन भी होंगे। फिल्म का निर्देशन एटली ने किया है और यह उनकी पहली बॉलीवुड फिल्म है। नयनतारा की भी यह पहली हिंदी फिल्म है। जवान में शाहरुख और नयनतारा के अलावा संजय दत्त, दीपिका पादुकोण, सान्या मल्होत्रा, सुनील ग्रोवर और विजय सेतुपति नजर आने वाले हैं। यह फिल्म वीएफएक्स और एक्शन से भरपूर होगी। फिल्म 7 सितंबर को एक साथ कई भाषाओं में दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। फिलहाल दर्शकों को इस फिल्म के ट्रेलर का इंतजार है।

नयनतारा दक्षिण भारतीय सिनेमा में बेहद लोकप्रिय हैं। उन्हें सर्वश्रेष्ठ तमिल और सर्वश्रेष्ठ मलयालम अभिनेत्री का फिल्मफेयर पुरस्कार मिल चुका है। 2018 में वह फोर्ब्स इंडिया में जगह बनाने वाली साउथ की एकमात्र अभिनेत्री थीं। नयनतारा अभिनय जगत में कदम रखने से पहले मॉडलिंग करती थीं। उनके मॉडलिंग असाइनमेंट देखकर ही फिल्म निर्माता सथ्यन एंथिकैड ने फिल्म मनासिनक्कारे के लिए उनसे संपर्क किया था। नयनतारा यूं तो सीए बनने का सपना देखती थीं, लेकिन किस्मत ने उन्हें अभिनेत्री बना दिया। (आरएनएस)


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# टमाटर को सुरक्षित स्टोर करने के लिए अपनाएं ये तरीके



अगर आप टमाटर खरीद रहे हैं तो इन्हें सुरक्षित तरीके से स्टोर करें। टमाटर को सुरक्षित तरीके से स्टोर करने के लिए आप इन 5 तरीकों को अपना सकते हैं।

टमाटरों को फ्रीजर में रखें

अगर आप टमाटरों को फ्रीजर में रखते हैं तो आप इस सब्जी की सेल्फ लाइफ को बढ़ा सकते हैं और लंबे समय तक इनका इस्तेमाल कर सकते हैं। टमाटरों को फ्रीजर में रखने के लिए, सबसे पहले उन्हें धोकर टुकड़ों में काट लें, फिर उन्हें बेकिंग शीट पर रखें और रात भर फ्रीजर में रख दें। एक बार टमाटर के जम जाने पर उन्हें स्टोर करने के लिए फ्रीजर-सुरक्षित बैग में डालें।

डिहाइड्रेट करें टमाटर

टमाटरों को डिहाइड्रेट करना उन्हें लंबे समय तक स्टोर करने का एक और बढ़िया तरीका है। टमाटरों को डिहाइड्रेटर रैक पर रखने से पहले उन्हें धोकर और पतले टुकड़ों में काट लें। अपने टमाटरों को लगभग 12-18 घंटों तक या पूरी तरह से सूखने दें। जब यह अच्छे से सूख जाए तो टमाटरों को एक एयर टाइट कंटेनर या वैक्यूम-सीलबंद बैग में रखें। टमाटर की चटनी को स्टोर करने के लिए इन तरीकों को अपनाएं।

टमाटर को अन्य सब्जियों के साथ न रखें : आमतौर पर लोग टमाटर को अन्य सब्जियों के साथ ही स्टोर कर देते हैं, लेकिन ऐसा करना गलत है। इसका कारण है कि कई सब्जियों में एथिलीन नामक केमिकल मौजूद होता है, जिससे टमाटर जल्दी खराब हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त कई सब्जियों में साइट्रिक एसिड होता है, जो टमाटर के साथ-साथ अन्य सब्जियों को भी खराब कर सकता है, इसलिए बेहतर होगा कि आप टमाटर को सभी सब्जियों से अलग ही स्टोर करें।

पेपर टॉवल में लपेटकर रखें : टमाटर को लंबे समय तक फ्रेश रखने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि आप इसे खरीदते समय थोड़ी स्मार्टनेस दिखाएं और ऐसे टमाटर खरीदें, जो एकदम सूखे और हल्के छिलके वाले हों। इस तरह के टमाटर खरीदने के बाद जब आप घर आएं तो उन्हें तुरंत पेपर टॉवल से लपेट दें और स्टोर करें। अगर आपके पास पेपर टॉवल न हो तो आप टमाटर को पेपर बैग में भी स्टोर कर सकते हैं।

**टमाटर का अचार बनाकर करें स्टोर:** टमाटरों का अचार बनाना उनकी शेल्फ लाइफ बढ़ाने और भोजन का स्वाद बढ़ाने का एक और शानदार तरीका है। इसके लिए सिरके के मिश्रण (सफेद सिरका, सेब का सिरका आदि) के साथ जार में डालने से पहले टमाटरों को धोकर और टुकड़ों में काट लें। इन्हें स्टोर करने के लिए रेफ्रिजरेटर-सुरक्षित कंटेनरों में डालें। इस मिश्रण को लगभग 3 दिनों तक रखा रहने दें और फिर भोजन के साथ इसका सेवन करें।

# महिलाओं के साथ कार्यस्थल पर भेदभाव

एक जैसी पढ़ाई और अनुभव के बावजूद कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ भेदभाव होता है।

एक सर्वे में पता चला कि ज्यादातर महिलाओं की सैलरी पुरुष सहकर्मियों से 19 फीसदी कम होती है। इस सर्वे में 60 फीसदी वर्किंग औरतों का मानना था कि उनके साथ कार्यस्थल पर भेदभाव किया जाता है।

पुरुषों के मुकाबले महिलाओं का वेतन कितना कम?

सर्वे में एक तिहाई महिलाओं ने कहा कि उन्हें टॉप मैनेजमेंट रोल के लिए बहुत मुश्किल से उनके नाम पर विचार होता है. 86 फीसदी महिलाओं का कहना था कि नौकरी के समय सुरक्षा उनके लिए सबसे अहम मामला होता है। सर्वे में अधिकांश महिलाओं ने कहा कि वो रात की पाली नहीं करना चाहतीं।

महिलाएं सबसे ज्यादा भेदभाव शादी के बाद दफ्तर में अनुभव करती हैं। 47 फीसदी महिलाओं ने कहा कि उनके बारे में मान लिया जाता है कि शादी हो गई मतलब अब वो काम के लेकर गंभीर नहीं हैं। 46 फीसदी ने कहा कि मैटरनिटी के बाद माना जाता है कि वो नौकरी छोड़ देंगी। इतना ही नहीं 47 फीसदी महिलाओं ने बताया कि उनके बारे में एक ये धारणा भी बना ली जाती है कि वो पुरुषों के बराबर घंटे ऑफिस में नहीं दे सकती हैं। सर्वे में एक तिहाई महिलाओं ने कहा कि प्रबंध जेंडर इक्वेलिटी (सबको समान मानने) की बात तो करता है पर ये कार्यशैली में नहीं झलकता।

सर्वे में एक तिहाई महिलाओं ने माना कि मैटरनिटी बिल के बाद दफ्तरों में क्रेच सुविधा अनिवार्य किया जाना महिलाओं को वर्कफोर्स में डटे रहने में मदद करेगा हालांकि सर्वे में आधी से ज्यादा महिलाओं ने कहा कि मैटरनिटी से लौटने के बाद दफ्तर ने उन्हें फ्लैक्सीबिल वर्क स्ट्रक्चर की सुविधा नहीं दी। (आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य -085

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**

1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 12ए | ■ | 13 | | 14 | ■ | 15 |
| | ■ | 16 | | | ■ | 17 | | |
| 18 | 19 | | ■ | 20 | 21 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 22 | | | ■ | 23 | | | ■ | 24 |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 84 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | सं | द | ■ | सिं | हा | स | न | ■ |
| ख | ■ | म | ज | दू | र | ■ | का | म |
| वा | द | क | ■ | र | ■ | सं | ब | ल |
| ड़ | ■ | ल | ज्जा | ■ | म | स्का | ■ | य |
| ■ | बा | ■ | ■ | बि | हा | र | ■ | ■ |
| सु | धा | क | र | ■ | न | ■ | ■ | औ |
| रं | ■ | म | ■ | कि | ता | ब | ■ | स |
| ग | ■ | अ | र | सा | ■ | हु | ज्ज | त |
| ■ | श | क्ल | ■ | न | मि | त | ■ | न |

# मदालसा शर्मा की फोटो मचा रहीं इंटरनेट पर धमाल



छोटे पर्दे के पॉपुलर शो अनुपमा में काव्या के किरदार से पहचान पाने वाली एक्ट्रेस मदालसा शर्मा सोशल मीडिया पर भी कहर बरपाए रहती हैं। उनकी लेटेस्ट ग्लैमरस तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। एक्ट्रेस मदालसा शर्मा मिथुन चक्रवर्ती की बहू हैं। आज एक्ट्रेस शो के जरिए घर-घर में अपनी पहचान बना चुकी है। उन्होंने अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं। एक्ट्रेस मदालसा अपने चाहने वालों के साथ जुड़े रहने के लिए सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं। मदालसा शर्मा ने गोल्ड और सिल्वर वाली स्टाइलिश आउटफिट में अपनी कातिलाना अदाएं दिखा रही हैं। एक्ट्रेस मदालसा शर्मा लाइट मेकअप और हेयर वन के साथ बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं। मदालसा शर्मा आए दिन अपनी बोल्ड तस्वीरें और वीडियोज शेयर कर फैंस के होश उड़ा ही देती हैं। एक्ट्रेस मदालसा शर्मा अपनी तिरक्षी निगाहों से फैंस के दिलों पर कहर बरपाती नजर आ रही हैं। साथ ही इस आउटफिट में वो अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं। मदालसा शर्मा की तस्वीरों पर फैंस लगातार कमेंट्स कर रहे हैं। साथ ही एक्ट्रेस की तस्वीरों पर हर्ट और फायर इमोजी की बौछार कर रहे हैं। मदालसा भले टीवी स्क्रीन पर निगेटिव रोल में प्ले कर रही हों, लेकिन रियल लाइफ में वो एकदम बिंदास रहती हैं। एक्ट्रेस मदालसा टीवी इंडस्ट्री में आने से पहले बॉलीवुड सहित साउथ की फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं। एक्ट्रेस मदालसा शर्मा इंस्टाग्राम पर काफी पॉपुलर हैं। उनके इंस्टाग्राम पर 2.1 मिलियन फॉलोवर्स हैं।

# चिरंजीवी के जम जम जज्जनका गाने ने इंटरनेट पर मचाया धमाल!

भोला शंकर मेहर रमेश द्वारा निर्देशित और प्रसिद्ध मेगास्टार चिरंजीवी द्वारा अभिनीत नवीनतम सामूहिक एक्शन मनोरंजन फिल्म है। फिल्म में तमन्ना भाटिया प्रमुख महिला के रूप में हैं, जबकि कीर्ति सुरेश मेगास्टार की बहन की भूमिका निभा रही हैं। महथी स्वरसागर ने इस फिल्म के लिए संगीत तैयार किया है, जिसे एके एंटरटेनमेंट्स बैनर के तहत अनिल सुनकारा द्वारा निर्मित किया जा रहा है। भोला शंकर का फर्स्ट लुक टीज़र और पहला गाना पहले ही रिलीज़ हो चुका है, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। हाल ही में, जाम जम जज्जनका नामक दूसरा गीत जारी किया गया था, और पूर्ण गीतात्मक वीडियो आज जारी किया गया। यह गाना, एक जोशीला पार्टी ट्रैक, वर्तमान में अपनी प्रभावशाली धुन और मनोरंजक बोल के साथ यूट्यूब पर मेगा प्रशंसकों को खुश कर रहा है। अनुराग कुलकर्णी और मंगली द्वारा गाए गए इस गाने के बोल कसारला श्याम ने लिखे हैं। भोला शंकर तमिल सुपर हिट फिल्म वेदालम से प्रेरणा लेता है। सभी जरूरी काम पूरे करने के बाद मेकर्स इस फिल्म को 11 अगस्त को ग्रैंड लेवलो थिएटर में रिलीज करने की तैयारी में हैं।

# नानी 30 में मृणाल ठाकुर पारंपरिक साड़ी में बेहद खूबसूरत आईं नजर

एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर की अपकमिंग तेलुगु फिल्म नानी-30 का पहला लुक सोमवार को जारी किया गया, जिसमें वह पारंपरिक दक्षिण भारतीय साड़ी में खूबसूरत लग रही हैं। मृणाल द्वारा शेयर की गई तस्वीरों में एक्ट्रेस पारंपरिक पर्पल कलर की साड़ी में दिखाई दे रही हैं।

एक्ट्रेस शांत समुद्र तट पर अपनी खिलखिलाती हंसी के साथ पोज देती नजर आ रही हैं। मृणाल के फर्स्ट लुक ने फैंस के दिलों में नानी-30 के लिए और उत्सुकता भर दी है।

एक्ट्रेस, जिन्हें वर्तमान में उनकी स्ट्रीमिंग एंथोलॉजी लस्ट स्टोरीज 2 के लिए काफी पॉजिटिव रिएक्शन मिल रहे है, ने पहले दुलकर सलमान के साथ थियेट्रिकल फिल्म सीता रामम के साथ तेलुगु सिनेमा में अपनी शुरुआत की थी। उनके पास विजय देवराकोंडा के साथ भी एक प्रोजेक्ट है।

इस बीच मृणाल की तीसरी तेलुगु फिल्म, जो फिलहाल अनटाइटल है और जिसकी जल्द ही शूटिंग शुरू होगी, का हाल ही में मुहूर्त हुआ, जहां एक्ट्रेस को विजय देवराकोंडा के साथ देखा गया। फिल्म के टाइटल और स्टोरी के संबंध में अधिक जानकारी फिलहाल गोपनीय है और जल्द ही इसे सामने लाया जाएगा। फिल्म का निर्देशन परसुराम पेटला द्वारा और इसका निर्माण श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स द्वारा किया जा रहा है। (आरएनएस)

# फिल्म जवान अब 7 सितंबर को रिलीज होगी




एसआरके और एटली की जवान 2023 की प्रत्याशित और प्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। इसे एक व्यावसायिक मनोरंजन फिल्म माना जाता है और इसमें अभिनेता दोहरी भूमिका में हैं - एक खुफिया अधिकारी और एक चोर। फिल्म में अन्य लोगों के अलावा सान्या मल्होत्रा, सुनील ग्रोवर भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। एटली निर्देशित इस फिल्म का निर्माण शाहरुख खान के बैनर रेड चिलीज एंटरटेनमेंट द्वारा किया जा रहा है और यह 2 जून, 2023 को रिलीज होने वाली थी। फिल्म अब 7 सितंबर को रिलीज होगी।

शाहरुख खान ने लगभग 4 साल बाद फिल्म पठान के जरिए वापसी कर बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। यही वजह है कि उनकी आने वाली फिल्म जवान का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। बीते दिनों निर्माताओं ने फिल्म का टीजर जारी किया था, जिसे सोशल मीडिया पर भरपूर प्यार मिल रहा है। इस फिल्म के प्रदर्शन में अब दो महीने से कम का समय बचा है और यह इंटरनेट की दुनिया में ट्रेंड कर ही है। शाहरुख खान और नयनतारा अभिनीत एटली निर्देशित जवान के ट्रेलर को तीन भाषाओं - हिंदी, तेलुगु और तमिल में जारी किया गया और यह जारी होने के बाद से सबसे ज्यादा देखे जाने वाले वीडियो में से एक है। ट्रेलर सभी प्लेटफार्मों पर 100 मिलियन व्यूज को पार करने में सफलतापूर्वक कामयाब रहा है।

अब तक इस ट्रेलर को 100 मिलियन से ज्यादा बार देखा जा चुका है। एटली की फिल्म का ट्रेलर सोमवार को विभिन्न प्लेटफार्मों पर जारी किया गया और 112 मिलियन बार देखा गया! हिंदी, तेलुगु और तमिल भाषाओं में व्यूज की संख्या को मिलाकर, ट्रेलर यूट्यूब पर ही 60 मिलियन व्यूज का आंकड़ा छूने के लिए तैयार है हिन्दी में जारी किए गए ट्रेलर को अब तक 50 मिलियन व्यूज मिल चुके हैं वहीं तमिल में जारी हुए ट्रेलर ने अब तक 6.3 मिलियन आंकड़ों को छूने में सफलता प्राप्त कर ली है। जबकि तेलुगु में जारी हुए ट्रेलर ने अब तक यूट्यूब पर 4 मिलियन आंकड़ों को छूने में सफलता प्राप्त कर ली है।

# अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर ने डेटिंग की अफवाहों को दी हवा



एक्ट्रेस अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर ने स्पेन में एक रॉक कॉन्सर्ट में भाग लेने के बाद अपनी डेटिंग की अफवाहों को हवा दे दी है।

दोनों ने अपने-अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर उसी आर्कटिक मंकीज़ कॉन्सर्ट की तस्वीरें पोस्ट कीं। हालांकि उन्होंने अपनी या एक-दूसरे की तस्वीरें पोस्ट नहीं कीं।

अनन्या ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज़ पर लिखा, आर्कटिक मंकीज़ जैसा कुछ भी नहीं। मेरा अब तक का सबसे पसंदीदा गाना। उन्होंने तस्वीर में मैड्रिड स्पेन के जियो टैग का इस्तेमाल किया।

आदित्य ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर ठंडे नीले चेहरे वाले इमोजी और एक बंदर इमोजी के साथ कॉन्सर्ट की एक क्लिप साझा की।

अभिनय की बात करें तो अनन्या विक्रमादित्य मोटवाने की साइबर क्राइम-थ्रिलर में नजर आएंगी। उनके पास फरहान अख्तर की खो गए हम कहां ड्रीम गर्ल 2 और वेब-सीरीज कॉल मी बे भी है।

आदित्य की नवीनतम रिलीज़ द नाइट मैनेजर, भाग 2 है। उनके पास अनुराग बसु की मेट्रो इन दिनों भी है।(आरएनएस)

# कृति ने किया बतौर निर्माता अपनी पहली फिल्म दो पत्ती का ऐलान



अभिनेत्री कृति सैनन कई फिल्मों में अपने अभिनय का जौहर दिखा चुकी हैं और अब उन्होंने निर्माता की टोपी भी पहन ली है। कृति ने अपने होम प्रोडक्शन की पहली फिल्म दो पत्ती की घोषणा कर दी है और वह इसे लेकर बेहद उत्साहित हैं। खास बात है कि इसके जरिए कृति सालों बाद काजोल के साथ सेट पर वापसी करेंगी। कृति ने सोशल मीडिया पर भी यह जानकारी दी है। आइए जानते हैं उन्होंने अपने पोस्ट में क्या लिखा।

कृति ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें उनके साथ निर्माता कनिका ढिल्लों, नेटफ्लिक्स इंडिया की कंटेंट प्रमुख मोनिका शेरगिल और काजोल नजर आ रही हैं। कृति ने लिखा, 3 बेहद मजबूत इरादों वाली, प्रेरणादायी और बेहद प्रतिभाशाली महिलाओं के साथ फिल्म दो पत्ती की घोषणा कर बहुत रोमांचित हूं। 8 साल बाद काजोल मैम के साथ दोबारा काम करने को लेकर ज्यादा ही उत्साहित हूं। इस कहानी को बताने के लिए नेटफ्लिक्स से बेहतर प्लेटफॉर्म कोई नहीं।

कृति ने कहा, दो पत्ती की कहानी मेरे लिए बेहद खास है क्योंकि इसके जरिए बतौर निर्माता में अपना सफर शुरू करने जा रही हूं। मुझे फिल्म निर्माण का हर एक पहलू पसंद है और मैं हमेशा उन कहानियों में रचनात्मक रूप से ज्यादा शामिल होना चाहती हूं, जो मेरे दिल को छूती हैं। उन्होंने कहा, मैंने यह महसूस किया है कि मैं अब अभिनय के अलावा और भी कुछ करने के लिए तैयार हूं।

कृति ने बीते दिन एक वीडियो साझा कर अपने प्रोडक्शन हाउस के नाम का ऐलान किया। उन्होंने इसके साथ लिखा, अब वक्त है और भी बहुत कुछ सीखने का। आखिरकार ब्लू बटरफ्लाई फिल्म्स की शुरूआत हो गई है पूरे दिल और बड़े सपनों के साथ।

कृति ने आगे कहा, मैं प्रतिभाशाली कनिका ढिल्लों के साथ इस फिल्म का सह-निर्माण करने के लिए उतावली हो रही हूं। हमारी इस जादुई यात्रा के लिए नेटफ्लिक्स से बेहतर साझेदार भला कौन हो सकता था? उन्होंने कहा, काजोल मैम ने हमारी नारी शक्ति को और बढ़ा दिया है। 2015 में उनके साथ फिल्म दिलवाले में काम किया था। अब 8 साल बाद फिर उनका साथ पाकर रोमांचित हूं। मैं इस सफर के शुरू होने का इंतजार नहीं कर सकती।

कृति जल्द ही द क्रू में नजर आने वाली हैं, जिसकी शूटिंग चल रही है और इसमें उनके साथ करीना कपूर और तब्बू मुख्य भूमिका में हैं। इसके अलावा वह टाइगर श्रॉफ के साथ निर्देशक विकास बहल की फिल्म गणपत का भी हिस्सा हैं, जिसमें अमिताभ बच्चन और एली अवराम शामिल हैं। यह फिल्म 20 अक्टूबर को रिलीज होगी। कृति अभिनेता शाहिद कपूर के साथ एक रोमांटिक फिल्म में भी दिखेंगी, जिससे दोनों की झलक सामने आ चुकी है।(आरएनएस)

# सामाजिक न्याय और अधिकारिता की ओर आगे बढ़ना

डॉ वीरेंद्र कुमार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रेरणादायी नेतृत्व में, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय समाज में हाशिए पर रहने वाले और वंचित समुदायों, जैसे एससी, ओबीसी, ईबीसी, डीएनटी, ट्रांसजेंडर, वरिष्ठ नागरिक, सफाई कर्मचारी आदि के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। पिछले नौ वर्षों में इन समुदायों के लोगों के सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक सशक्तिकरण समेत विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति देखी जा रही है। पिछले नौ वर्षों में, भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग द्वारा कुछ प्रमुख योजनाएं कार्यान्वित की गयीं हैं।

भारत में अध्ययन के लिए अनुसूचित जाति के छात्रों को मैट्रिक के बाद दी जाने वाली छात्रवृत्ति का उद्देश्य सबसे गरीब घरों के अनुसूचित जाति के छात्रों के सन्दर्भ में उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात में वृद्धि करना है। 2019-20 के दौरान 11-12वीं में पढ़ने वाले अनुसूचित जाति के छात्रों का सकल नामांकन अनुपात 52.9 प्रतिशत था, जो 2020-21 के दौरान बढ़कर 56.1 प्रतिशत और 2021-22 के दौरान 61.5 प्रतिशत हो गया। 2014-15 से अनुसूचित जाति के 4.87 करोड़ से अधिक छात्रों को लगभग 29828.80 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता प्राप्त हुई है। अनुसूचित जाति और अन्य के लिए मैट्रिक-पूर्व छात्रवृत्ति योजना, अनुसूचित जाति के उन छात्रों के लिए है, जिनके माता-पिता की वार्षिक आय 2.5 लाख रुपये से अधिक नहीं है। 2019-20 के दौरान 9-10वीं में पढ़ने वाले अनुसूचित जाति के छात्रों का सकल नामांकन अनुपात 83 प्रतिशत था, जो 2020-21 के दौरान बढ़कर 84.8 प्रतिशत और 2021-22 के दौरान 84.9 प्रतिशत हो गया। 2014-15 से अनुसूचित जाति के 2.31 करोड़ से अधिक छात्रों को 3528.17 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता प्राप्त हुई है। उपलब्धि हासिल करने वाले युवाओं की उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति योजना (श्रेयस) तथा नि:शुल्क कोचिंग (एफ़सीएस) के तहत एससी और ओबीसी के 19995 से अधिक छात्रों को 2014-15 से केंद्रीय सहायता के रूप में 109.79 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। एससी के लिए शीर्ष श्रेणी की छात्रवृत्ति योजना (टीसीएस) के तहत 2014-15 से 21988 से अधिक एससी छात्रों को केंद्रीय सहायता राशि के रूप में 399.15 करोड़ रुपये जारी किए गए। अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए राष्ट्रीय प्रवासी छात्रवृत्ति योजना (एनओएस) के तहत अनुसूचित जाति, गैर- अधिसूचित, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू जनजातियों, भूमिहीन कृषि मजदूरों और पारंपरिक कारीगर श्रेणियों के 950 से अधिक चयनित छात्रों को केंद्रीय सहायता के रूप में 2014-15 से 222.24 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गयी। एससी छात्रों के लिए राष्ट्रीय फैलोशिप (एनएफएससी) के तहत 2014-15 से 2106 से अधिक छात्रों को केंद्रीय सहायता राशि के रूप में 1628.89 करोड़ रुपये जारी किए गए। लक्षित क्षेत्रों में अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए उच्च विद्यालयों में आवासीय शिक्षा योजना (श्रेष्ठ) के तहत 2014-15 से 3.18 लाख से अधिक छात्रों को केंद्रीय सहायता के रूप में 457.22 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गयी।

प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम-एजेएवाई) का लक्ष्य कौशल विकास, आय-सृजन योजनाओं और अन्य पहलों के माध्यम से अतिरिक्त रोजगार के अवसर पैदा सृजन करना है। पीएम-एजेएवाई एक केंद्र प्रायोजित योजना है, जिसमें 03 पूर्ववर्ती केंद्र प्रायोजित योजनाओं को शामिल किया गया है, जो इस प्रकार हैं - (1) पूर्ववर्ती प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना का आदर्श ग्राम घटक; 2022-23 में 11500 अन्य गांवों को भी शामिल किया गया है; 4351 गांवों को पहले ही आदर्श ग्राम घोषित किया जा चुका है (2) अनुसूचित जाति उपयोजना (एससीए से एससीएसपी) के लिए विशेष केंद्रीय सहायता; वित्तीय सहायता 50,000 रुपये या परियोजना लागत का 50 प्रतिशत, जो भी कम हो, प्रति लाभार्थी या परिवार है (3) छात्रावास घटक 6पूर्ववर्ती बाबू जगजीवन राम छात्रावास योजना (बीजेआरसीवाई)8। पीएम-एजेएवाई योजना के तहत 2023-24 के लिए कुल अनुमानित परिव्यय 2050.00 करोड़ रुपये है।

राष्ट्रीय यंत्रीकृत स्वच्छता इकोसिस्टम कार्रवाई (नमस्ते) का उद्देश्य सीवर और सेप्टिक टैंक श्रमिकों की मौत को रोकने और स्वच्छता कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सफाई कार्यों के मशीनीकरण को बढ़ावा देना है। बैंकों द्वारा वित्त पोषित परियोजनाओं के लिए 5.00 लाख रुपये तक की पूंजीगत सब्सिडी और ब्याज सब्सिडी प्रदान की जाती है। हाथों से मैला सफाई करने वाले सफाईकर्मियों के पुनर्वास के लिए स्व-रोज़गार योजना (एसआरएमएस) के एक भाग के रूप में, 2014-15 से ऐसे 22,294 सफाईकर्मियों और उनके आश्रितों को विभिन्न कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों में नामांकित किया गया है। 508 जिलों ने कर्मियों द्वारा मैला सफाई की प्रथा से स्वयं को मुक्त घोषित कर दिया है।

अटल वयो अभ्युदय योजना (एवीवाईएवाई) वरिष्ठ नागरिकों के लिए आश्रय, वित्तीय सुरक्षा, भोजन, स्वास्थ्य देखभाल और मानवीय संपर्क या गरिमापूर्ण जीवन की सुविधा देती है। 2014-15 से 6,67,330 लाभार्थियों को 511.81 करोड़ रुपये वितरित किये गये हैं। 2019-20 से 2022-23 तक वरिष्ठ नागरिकों के लिए राज्य कार्ययोजना (एसएपीएसआरसी) योजना के तहत 43.13 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। 2017-18 से, आरवीवाई के तहत आयोजित 265 शिविरों में 2,99,942 लाभार्थियों को 24,649.98 लाख रुपये की कीमत के कुल 12,24,645 उपकरण वितरित किए गए हैं। नशा मुक्त भारत अभियान (एनएमबीए) 15 अगस्त 2020 को 32 राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों के 272 जिलों के लिए तैयार और लॉन्च किया गया था। अभियान की गतिविधियों में लगभग 3.08 करोड़ से अधिक युवाओं, 4,000 से अधिक युवा मंडलों, एनवाईकेएस और एनएसएस के स्वयंसेवकों और युवा क्लबों ने भाग लिया है। देश भर के 6000 से अधिक स्कूलों के 13 लाख से अधिक छात्रों के साथ संपर्क स्थापित किया गया है। हमारे संवेदनशील प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उत्कृष्ट नेतृत्व में, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय पिछले 9 वर्षों से समाज के वंचित वर्ग के सम्मान, प्रगति और सभी प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं के लिए लगातार काम कर रहा है और मंत्रालय ने प्रतिष्ठित उपलब्धियाँ भी हासिल कीं हैं।

*लेखक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री हैं।*

## समान कानून का बिल अभी टलेगा

समान नागरिक कानून का बिल संसद के मानसून सत्र में अब नहीं आ पाएगा। पहले ऐसा लग रहा था कि सरकार इस बिल को संसद में पेश करने के लिए तैयार है। लेकिन दो ऐसे संकेत हैं, जिनसे लग रहा है कि इसे नहीं पेश किया जाएगा। संकेत तो यह है कि सरकार ने मानसून सत्र के लिए जो विधेयक सूचीबद्ध कराएं हैं उसमें यह बिल नहीं है। उसमें दिल्ली सरकार के अधिकारियों को लेकर जारी किए गए अध्यादेश का बिल है और डाटा प्रोटेक्शन का बिल है। इसके अलावा कुछ और भी बिल हैं। बताया जा रहा है कि विधि आयोग को 14 जुलाई तक 60 लाख के करीब सुझाव मिले हैं। विधि आयोग की ओर से कहा गया है कि वह आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के जरिए इन सुझावों की छंटनी करेगी। बहरहाल, अगले 14 दिन में आयोग को लाखों सुझाव और मिलेंगे। सबकी छंटनी करके और उसमें लोगों को साझा सुझाव को एक तरफ करना और उन्हें शामिल करके बिल तैयार करना आसान काम नहीं होगा। यह जरूर है कि उत्तराखंड सरकार की बनाई जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई कमेटी की ओर से एक बिल का मसौदा तैयार किया गया है और उसे केंद्र सरकार के बिल का भी आधार बनाया जा सकता है। लेकिन उसमें भी विधि आयोग को मिलने वाली राय अगर शामिल करनी है तो यह संभव नहीं है कि 11 अगस्त तक बिल तैयार करके मानसून सत्र में पेश किया जाए। सो, ऐसा लग रहा है कि नवंबर-दिसंबर में मौजूदा लोकसभा के आखिरी पूर्ण सत्र में इसे पेश किया जा सकता है। ध्यान रहे अगले साल का बजट सत्र लेखानुदान के लिए होगा और उसके बाद चुनाव की घोषणा होगी। (आरएनएस)

### सू- दोकू क्र.085

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.84 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## प्रेम से सार्थक प्रार्थना



एक युवक ने संत से पूछा, 'आप अपने प्रवचन में हर व्यक्ति को प्रेमपूर्ण होने पर इतना जोर क्यों देते हैं?

संत ने गंभीर होकर कहा, 'प्रेमपूर्ण चित्त से ही सच्ची प्रार्थना का आविर्भाव उठ सकता है। प्रेमपूर्ण होना ही सच्ची प्रार्थना है। प्रेमपूर्ण चित्त में असत्य का वास नहीं हो सकता, जो असत्य है, वह प्रेमपूर्ण नहीं हो सकता, प्रेमपूर्ण न होने पर वह धोखा दे सकता है। प्रेम शून्य चित्त से की गयी प्रार्थना का कोई मूल्य नहीं, ऐसी प्रार्थना परमात्मा तक नहीं पहुंचती।

मंदिर जाने से प्रार्थना नहीं घटती, जब तक चित्त प्रेम शून्य है, प्रार्थना का आविर्भाव नहीं होता। तब मंदिर जाना भी एक कृत्य मात्र ही होगा, क्योंकि मंदिर में जायेगा कौन, जायेगा तो प्रेम शून्य चित्त ही, तो प्रार्थना नहीं उतरेगी। जब चित्त प्रेमपूर्ण होगा, तो मंदिर जाना भी तभी सार्थक होगा, जहां प्रेमपूर्ण चित्त, वहीं मंदिर।

## इरादा बुलंद है, लेकिन

इतिहास यह है कि मुद्रा की ताकत संबंधित देश की अंदरूनी अर्थव्यवस्था की ताकत से तय होती है। इसीलिए अगर भारत को अपने इरादे को सच में बदलना है, तो उसे पहले इस मामले में सशक्त होने के लिए काम करना चाहिए।

इस खबर से स्वाभाविक हलचल मची कि कच्चा तेल खरीदने के बदले कई भारतीय कंपनियां रूस को चीन की मुद्रा युवान में भुगतान कर रही हैं। बाद में एक मीडिया रिपोर्ट में यह आंकड़ा सामने आया कि कम से कम ऐसा दस प्रतिशत भुगतान युवान में हुआ है। इस तरह भारत भी इस समय दुनिया में चल रही मौद्रिक हलचल के बीच चीनी मुद्रा को मजबूत करने में सहायक बन गया है। इसी बीच भारतीय रिजर्व बैंक ने यह खबर फिर से उछाली भारत ने अनेक देशों के साथ अपनी मुद्राओं में भुगतान करने का करार कर लिया है और इसके लिए जरूरी बैंकिंग सिस्टम भी बना लिया गया है। उधर विदेश मंत्री एस जयशंकर से पिछले दिनों जब ब्रिक्स की प्रस्तावित अपनी करेंसी के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने इसकी संभावना से सिरे से इनकार करते हुए कहा कि भारत का इरादा अपने रुपये को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा बनाने का है। कहा जा सकता है कि यह इरादा प्रशंसनीय है और भारत अगर भविष्य में महाशक्ति बनना चाहता है, उसे ऐसी महत्वाकांक्षा अवश्य रखनी चाहिए। मगर



फिलहाल हकीकत इस महत्त्वाकांक्षा से मेल नहीं खाती।

20 से ज्यादा देशों के साथ आपसी मुद्रा में लेन-देन का करार कई महीने पहले हो चुका था। लेकिन उसमें असल में लेन-देन रूस और श्रीलंका के साथ ही शुरू हो सकी और अब संभावना है कि ऐसा बांग्लादेश के साथ होगा। इसी बीच रूस ने रुपये में भुगतान लेना रोक दिया। इस तर्क पर भारत से आयात के बदले भुगतान करने के बाद भी उसके पास जो भारतीय रुपया जमा हो रहा है, उसका कोई उपयोग नहीं है। यह मुद्दा देर-सबेर अधिकांश देशों की तरफ से उठाया जाएगा। कारण यह है कि वैश्विक निर्यात में भारत का हिस्सा सिर्फ दो प्रतिशत है। इतिहास यह है कि मुद्रा की ताकत संबंधित देश की अंदरूनी अर्थव्यवस्था की ताकत- और खासकर निर्यात क्षमता से तय होती है। इसीलिए अगर भारत को अपने इरादे को सच में बदलना है, तो उसे पहले इन क्षमताओं को बढ़ाने के लिए काम करना चाहिए। जड़ मजबूत ना हो, तो फुनगी पर फूल लगाने की कोशिश कामयाब नहीं होती है।( आरएनएस)

# गृह कलह से तंग आकर व्यक्ति ने की आत्महत्या

संवाददाता

देहरादून। गृह कलह से तंग आकर एक व्यक्ति ने गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गत रात्री 10 बजे डालनवाला कोतवाली पुलिस को 112 कंट्रोल रूम के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई की राजेश रावत कॉलोनी लक्ष्मी रोड डालनवाला पर श्याम पुत्र किशन चंद्र द्वारा अपने घर के कमरे के अंदर केबल की तार से फांसी लगा ली गई है। उक्त सूचना पर चौकी आराघर से उपनिरीक्षक पंकज महिपाल पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे तो श्याम लाल का कमरा अंदर से बंद मिला। परिजनों की मौजूदगी में वीडियोग्राफी करते हुए दरवाजे को तोड़कर अंदर देखा तो श्याम लाल द्वारा अपने कमरे में पंखे में काले रंग के केबल के तार से फांसी लगाई गई थी।

परिजनों की मौजूदगी में केबल के तार को खोलकर श्याम लाल को नीचे उतारा गया तथा मौके पर 108 बुलाकर श्याम लाल को कोरोनेशन अस्पताल भिजवाया गया जहां पर डॉक्टर द्वारा श्याम लाल को मृत घोषित किया गया। मृतक का पंचायतनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। मृतक के परिजनों से पूछताछ करने पर प्रथम दृष्ट्या पारिवारिक विवाद के दृष्टिगत आत्महत्या करना प्रकाश में आया है। जांच की जा रही है।

## चमोली हादसाः लापरवाही बरतने पर...

◀◀ पृष्ठ 1 का शेष

और जलसंस्थान के सहायक अभियंता ने सुरक्षा मानकों के विपरीत चेंज ओवर को बॉक्स के ऊपर रखा था। इसी प्रकार सीवर ट्रीटमेंट प्लांट को टीनशैड एवं विद्युत सुचालक लौह धातु से बनी संरचना में इस प्रकार चलाया जा रहा था जिससे कि 19 जुलाई को करंट लीक होने पर यह करंट पूरे प्लांट में फैल गया। इस तरह जघन्य अपराध मानव वध की घटना घटित हुई।

विवेचना में एसटीपी प्लांट के संचालन एवं सुपुर्दगी के अनुबंध में गंभीर अनियमितताएं पायी गई हैं और पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना में संलिप्त 3 आरोपियों को बीती शाम कड़ी पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया। घटना में संलिप्त ज्वांइट वेंचर के स्वामी एवं प्रोजेक्ट मैंनेजर एवं अन्य संलिप्त व्यक्तियों के संबंध में विवेचना प्रचलित है साक्ष्य संकलन जारी है। गिरफ्तार हुए लोगों में पवन चमोला (सुपरवाईजर ज्वांइट वेंचर कम्पनी), महेन्द्र सिंह जयपाल (लाईनमैन उत्तराखण्ड विद्युत विभाग) व हरदेव लाल आर्य (प्रभारी सहायक अभियन्ता उत्तराखण्ड जल संस्थान) शामिल है।

## लारेंस विश्नोई व गोल्डी बराड़ के नाम..

◀◀ पृष्ठ 1 का शेष

2019 से वर्ष 2023 तक लगातार एक्सटेंशन पर नौकरी कर रहा था। उसका एक्सटेंशन समाप्त होने पर उसके द्वारा एक वर्ष का एक्सटेंशन और बढाने हेतु नये प्रधान प्रबंधक एस.पी. सिंह को प्रार्थना पत्र दिया था लेकिन उन्होने उसका एक्सटेंशन अस्वीकार कर दिया।

इसी बात को लेकर आरोपी द्वारा प्रधान प्रबंधक को गोल्डी बराड व लोरेंस विश्नोई गैंगस्टरो के नाम से डराते हुए एक करोड रूपये की धमकी भरा पत्र रजिस्टर्ड डाक से भेजा गया था।

## बादल फटने से घरों व स्कूल में घुसा..

◀◀ पृष्ठ 1 का शेष

मिलते ही जिलाधिकारी अभिषेक रूहेला ने उप जिलाधिकारी पुरोला और उप जिलाधिकारी बड़कोट को तत्काल समबन्धित विभागों के कर्मियों के साथ मौके पर निरीक्षण करने और प्रभावितों की मदद करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने तत्काल कारवाई करते हुए सभी सेवाओं को सुचारू करने की शुरुआत करने सहित इन घटनाओं मे हुई क्षति का आंकलन कर आख्या प्रस्तुत करने और अनुमन्य राहत राशि का वितरण अविलंब करने की हिदायत भी दी है। डुंडा तहसील के अन्तर्गत धौन्तरी गांव के ऊपर भू धंसाव होने से मनीराम बहुगुणा, बुद्धि प्रकाश बहुगुणा, कीर्ति प्रसाद बहुगुणा के भवन के अंदर मलवा घुस रखा है। अन्य किसी प्रकार की जन-धन की हानि नही हुई। प्रशासन की टीम मौके पर मौजूद है।

गंगनानी में सडक पर मलवा आने से सड़क बन्द हो गई है। मलवा लगभग 30 मीटर की लम्बाई में फैला हुआ है। कैम्प निर्वाणा नामक एक रिजोर्ट को नुकसान हुआ है और यहां पर कुछ घर एवं वाहन मलवे की चपेट में आए हैं। अतिवृष्टि के कारण कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय गंगनानी में देर रात ही फायर सर्विस बड़कोट का दल पहुँच गया था। इस विद्यालय में सभी बच्चे सुरक्षित हैं। डुण्डा तहसील के अन्तर्गत धौन्तरी गांव के ऊपर भू धंसाव होने से मनीराम बहुगुणा,बुद्धि प्रकाश बहुगुणा कीर्ति प्रसाद बहुगुणा के भवन के अंदर मलवा घुस गया।

उपजिलाधिकारी मीनाक्षी पटवाल ने घटनास्थल पर पहुंचकर प्रभावितों से भेंट की और मलवा आने से अवरूद्ध हुए उत्तरकाशी-लंबगांव मोटर मार्ग को खोले जाने के लिए लो.नि.वि. द्वारा किए जा रहे काम का भी जायजा लिया।

# 25 हजार के ईनामी की सूचना देने पर पुलिस ने दी नगद धनराशि

हमारे संवाददाता

पिथौरागढ़। हत्या के अपराध व लाकअप से कई वर्षो से फरार 25 हजार के ईनामी की सूचना देने वाले को पुलिस ने नगद ईनामी राशि देकर सम्मानित किया गया है।



बता दें कि वर्ष 1998 में मोहन सिंह पुत्र स्व. प्रताप सिंह निवासी आदिचौरा द्वारा उम्मेद सिंह पुत्र हरक सिंह निवासी आदिचौरा की, बन्दूक से गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। जिस सम्बन्ध में पटवारी चौकी आदिचौरा में मोहन सिंह के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया था। आरोपी को न्यायालय के आदेशानुसार लॉकअप डीडीहाट भेज दिया गया था। आरोपी लॉकअप से फरार हो गया था। फरार आरोपी पर पुलिस द्वारा 25 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया गया था। बताया जा रहा है कि बीती 15 जून को आरोपी चोरी छुपे अपने घर आया हुआ था। जिसकी सूचना मोहन राम निवासी डीडीहाट द्वारा गोपनीय रूप से पिथौरागढ़ पुलिस को दी गयी। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस द्वारा मौके पर पहुंच कर आरोपी मोहन सिंह को उसके घर से गिरफ्तार किया गया।

मोहन राम द्वारा ईनामी अपराधी को पकड़ने में पुलिस का सहयोग करने पर पुलिस अधीक्षक पिथौरागढ़, लोकेश्वर सिंह द्वारा उन्हें ईनाम की धनराशि 25 हजार रूपये देकर सम्मानित किया गया तथा भविष्य में भी इसी तरह पुलिस का सहयोग करने की अपेक्षा की गयी।

# चरस के साथ युवक गिरफ्तार


संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने चरस के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने लक्ष्मण चौक के पास एक युवक को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से 155 ग्राम चरस बरामद कर ली। पूछताछ में उसने अपना नाम अजय पुत्र अपार सिंह निवासी टिहरी गढवाल बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# मुख्य सचिव को सेवा विस्तार दिया जाना दुर्भाग्यपूर्णः मोर्चा

हमारे संवाददाता



विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि सरकार द्वारा कल मुख्य सचिव एस.एस. संधू को 6 माह का सेवा विस्तार दिया गया है, जो कि प्रदेश के काबिल अफसरों पर कुठाराघात है।

नेगी ने कहा कि मुख्य सचिव का कार्यकाल एवं उनकी कार्यशैली बहुत ही निराशाजनक रही, यहां तक कि अधिकारियों में इनका कोई खौफ नहीं रहा, जिस कारण पत्रावलियां एक पटल से दूसरे पटल पर पहुंचने में दम तोड़ती रही तथा लोगों को सही समय पर न्याय मिलना तो दूर,पत्रावलियां ढूंढे नहीं मिल पाई। उन्होंने कहा कि कई मामलों में उच्चाधिकारियों के निर्देश के बाद भी मातहत अधिकारियों ने रिपोर्ट/ आख्या तक उपलब्ध नहीं कराई। कई पत्रावलियां रास्ते में ही गुम हो गई, जिसकी वजह से सरकार की छवि को भी दाग लगा। उन्होने कहा कि इसके अतिरिक्त मुख्य सचिव की लचर कार्यशैली की वजह से अधिकारियों ने काम पर ध्यान देना बंद कर दिया। कहा कि मोर्चा सरकार से मांग करता है कि सेवा विस्तार मामले में पुनर्विचार करे, जिससे किसी काबिल अफसर की नियुक्ति का मामला प्रशस्त हो सके एवं जनता को न्याय मिल सके।

# जमेटो व स्वीगी के डिलवरी ब्वाज का होगा सत्यापन

संवाददाता

देहरादून। डीआईजी/एसएसपी दलीप सिंह कुंवर ने सभी थाना चौकी प्रभारियों को निर्देश दिये हैं कि वह अपने-अपने क्षेत्र में रहने वाले जमेटो व स्वीगी के डिलवरी ब्वाज का सत्यापन करेंगे तथा उसकी पृष्ट भूमि को भी खंगालेंगे इसके साथ ही बैंकों के रिकवरी ब्वाज पर भी शिकंजा कसे जिससे की वह लोगों का उत्पीडन न कर सकें।

आज यहां डीआईजी/ एसएसपी दलीप सिंह कुंवर ने आदेश जारी करते हुए जनपद के सभी थाना चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया है कि वह अपने-अपने क्षेत्र में रहने वाले जमेटो व स्वीगी के डिलवरी ब्वाज का सत्यापन करेंगे। उन्होंने कहा कि कई बार अपराधिक घटनाओं में देखा गया कि उस अपराध में इन लोगों की अहम भूमिका होती है। यह खाना व सामान डिलवर करते समय घरों की रैकी करके अपने साथियों को उक्त घर के बारे में जानकारी दे देते हैं और घटना घटित होती है। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए इन लोगों का सत्यापन कराना जरूरी हो गया है।

## ❑रिकवरी वालों पर कसेगा शिकंजा

उन्होंने कहा कि अगर किसी भी डिलवरी ब्वायज का सत्यापन नहीं होता है और वह किसी घटना में लिप्त पाया गया तो कम्पनी(जमेटो व स्वीगी) के उच्चाधिकारियों के खिलाफ भी कार्यवाही की जायेगी। एसएसपी ने आदेश दिये हैं कि इसके साथ ही प्राईवेट बैकों के द्वारा भी रिकवरी ब्वाज रखे जाते हैं जोकि लोगों के घरों में जाकर उनसे अभद्रता करते हैं ऐसे लोगों के खिलाफ भी कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। उन्होंने सभी थाना चौकी प्रभारियों को निर्देश दिये हैं ऐसे बैंकों के रिकवरी एजेंटों की सूची तैयार कर उनकी भी पृष्टभूमि को खंगाला जाये। यह भी देखने में आता है कि बैंको के रिकवरी ब्वाजों का भी अपराधिक इतिहास सामने आता है। यह लोन पर वाहन लेने वालों से उनके वाहन छीनकर ले जाते हैं और उनका उत्पीडन करते हैं ऐसों लोगों की सूची बनाकर दो दिन में उनका सत्यापन कर उनके समक्ष रखें। उन्होंने कहा कि जिस किसी भी थाना चौकी क्षेत्र में सत्यापन ना होने के कारण कोई घटना हुई तो सम्बन्धित थाना चौकी प्रभारी के खिलाफ भी कार्यवाही होगी। इसके साथ ही एसएसपी ने ब्याज पर पैसा देने वालों के खिलाफ भी कार्यवाही करने के आदेश दिये हैं।

## एक नजर

# रेलवे ने दिल्ली की दो मस्जिदों को 15 दिनों के अंदर अतिक्रमण हटाने का नोटिस जारी किया

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली की दो पुरानी मस्जिदों को हटाने के लिए उत्तर रेलवे प्रशासन ने नोटिस जारी किया है। रेलवे ने मस्जिद प्रबंधन को विभाग की जमीन पर से अवैध रूप से कब्जा करने के खिलाफ नोटिस जारी किया है। रेलवे ने जिन दो प्रमुख मस्जिदों को नोटिस जारी किया है, वो बंगाली मार्केट मस्जिद और तकिया बब्बर शाह मस्जिद है, जिनको नोटिस जारी कर 15 दिनों के भीतर अतिक्रमण हटाने का अल्टीमेटम दिया है। रेलवे अधिकारियों ने मस्जिद को चेतावनी देते हुए नोटिस में कहा कि अगर निर्धारित समय सीमा के भीतर अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो वे अपनी जमीन पर कब्जा करने के लिए जरूरी कार्रवाई करेंगे। नोटिस में रेलवे प्रशासन ने कहा है कि उनकी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है और वे संबंधित पक्षों से अपनी संपत्ति पर किसी भी अनधिकृत निर्माण को स्वेच्छा से हटाने की अपील कर रहे हैं। नोटिस का पालन नहीं करने पर रेलवे प्रशासन अतिक्रमित भूमि को वापस लेने की कार्रवाई करेगा। इसी के साथ नोटिस में आगे कहा गया है कि अतिक्रमण के लिए जिम्मेदार पक्षों को प्रक्रिया के दौरान होने वाले किसी भी नुकसान के लिए जिम्मेदार ठहराया जाएगा, जिससे रेलवे प्रशासन किसी भी देनदारी से मुक्त होगा। इधर, बाबर शाह तकिया मस्जिद के सचिव अब्दुल गफ्फार ने दावा किया कि मस्जिद लगभग 400 साल पुरानी है। हालांकि रेलवे कह रहा है ये उनकी जमीन पर बनी है। आपको बता दें कि दिल्ली में अतिक्रमण के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इससे पहले अतिक्रमण कर बनाए गए धार्मिक स्थल भजनपुरा की मजार और हनुमान मंदिर पर बुलडोजर चला था।



# 9 साल के बच्चे ने टाई से फांसी लगाई!

कानपुर । उत्तर प्रदेश के कानपुर में एक 9 साल के बच्चे ने अपनी स्कूल ड्रेस में लगी टाई से फांसी लगा ली। बच्चे को उसकी मां और भाई ने खाने नहीं खाने और साइकिल चलाने को लेकर डांट दिया था। इसी बात से नाराज होकर बच्चे ने खौफनाक कदम उठा लिया। जानकारी के अनुसार, कानपुर के नरवल इलाके में रहने वाले सुशील कुमार का 9 साल का बेटा कक्षा 3 में पढ़ता था। वह स्कूल से जब दोपहर में लौटकर आया तो मां ने खाना दिया। इस दौरान उसका भाई भोजन करने लगा, लेकिन बच्चे ने खाना नहीं खाया। उसे साइकिल चलाने का शौक था तो वह साइकिल लेकर बाहर निकल गया। इस पर उसकी मां ने उसे डांट दिया। मां के डांटे से नाराज होकर बच्चा घर के अंदर आ गया। उसके बड़े भाई ने भी उसे डांट दिया। मां और भाई की डांट को मासूम बच्चा अपना अपमान समझ बैठा। उसने खाना नहीं खाया। इसके बाद रात में घर के टॉयलेट में जाकर अपनी स्कूल की ड्रेस टाई निकालकर फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों ने जब देखा तो हाहाकार मच गया। बच्चे को परिजनों ने डॉक्टरों को दिखाया, डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।



# मशहूर सिंगर टोनी बेनेट का निधन

नई दिल्ली। सिंगिंग की दुनिया में अपने आइकॉनिक गानों के लिए मशहूर टोनी बेनेट का 96 साल की उम्र में निधन हो गया है। टोनी बेनेट के निधन की जानकारी उनकी प्रचारक सिल्विया वेनर ने एसोसिएटेड प्रेस को दिए एक बयान में दी है। इस खबर के आते ही, फैंस का दिल टूट गया है। सिंगिंग की दुनिया के शानदार कलाकार और पॉप सिंगर टोनी बेनेट ने शुक्रवार को दुनियां को अलविदा कह दिया, टोनी बेनेट के निधन की जानकारी उनकी प्रचारक सिल्विया वेनर ने एसोसिएटेड प्रेस को दिए एक बयान में दी है। टोनी ने अपनी आखिरी सांसे अपने होम टाउन न्यूयॉर्क में ली, पिछले काफी वक्त से सिंगर वहीं रह रहे थे। सिल्विया ने कहा कि, उनके निधन का कोई विशेष कारण नहीं था। हालांकि, 2016 में उन्हें अल्जाइमर रोग का पता चला था। जैसे ही टोनी के निधन की खबर सामने आई, सेलिब्रिटीज और फैंस ने उनके निधन पर शोक जता रहे हैं, फैंस का दिल टूट चुका है। इस तरह से अचानक टोनी का जाना फैंस के किसी भी सदमें से कम नहीं हैं। टोनी बेनेट ने म्यूजिक इंडस्ट्री को एक से बढ़कर एक गाने दिए। उनका एक दो नहीं बल्कि आठ दशकों तक एक खूबसूरत करियर रहा। उन्होंने अपने गानों से फैंस के दिलों में ऐसी छाप छोड़ी, जिसे कोई नहीं मिटा सकता है। इतालवी आप्रवासियों के परिवार में जन्मे टोनी का असली नाम एंथोनी डोमिनिक बेनेडेटो था। टोनी बेनेट का पहला गाना था- श्जो बारीश। हालांकि, उन्हें पॉपुलैरिटी शबिकॉज ऑफ यूश सॉन्ग से मिली थी। टोनी को 20 ग्रेमी अवॉर्ड्स मिल चुके हैं। साथ ही उन्हें एक लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड और दो प्राइमटाइम एमी अवॉर्ड्स से भी सम्मानित किया जा चुका है।



# नैनीताल में अतिक्रमण पर बड़ी कार्रवाई

## ❑शत्रु संपत्ति पर बने 134 घरों पर चला बुलडोजर

विशेष संवाददाता

नैनीताल। हाईकोर्ट से मिले आदेश के बाद आज नैनीताल जिला प्रशासन द्वारा मेट्रोपोल क्षेत्र में शत्रु संपत्ति पर अवैध कब्जा कर बनाए गए 134 भवनों पर बड़ी कार्यवाही करते हुए बुलडोजर चला दिया गया। हालांकि इस कार्रवाई का विरोध करने के लिए कोई सामने नहीं आया लेकिन जिला प्रशासन द्वारा क्षेत्र में पहले ही धारा 144 लागू कर दी गई थी तथा भारी पुलिस फोर्स भी तैनात की गई थी।

24 जून को हाईकोर्ट द्वारा यहां रह रहे लोगों को भवन खाली करने के आदेश दे दिए गए थे जिसके खिलाफ स्थानीय लोगों ने हाई कोर्ट में अपील भी की थी लेकिन उन्हें कोई राहत नहीं मिल सकी। जिला प्रशासन द्वारा कई दिन पहले यहां रह रहे लोगों को मुनादी कर कहा गया था कि वह अपना सामान हटा ले। जिसके बाद अधिकांश लोगों ने घरों को खाली कर दिया था। आज सुबह 9 बजे प्रशासनिक अधिकारी दल बल के साथ यहां पहुंचे और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कर दी गई।



**●भारी फोर्स के साथ जिला प्रशासन ने की कार्यवाही**
**●बेघर हुए लोग बोले, सैकड़ों साल से रह रहे थे**
**●कई दिन लगेंगे अतिक्रमण हटाने में**

यह कोई छोटा क्षेत्र नहीं है इसमें 134 भवनों को चिन्हित किया गया जो शत्रु संपत्ति पर बनाए गए हैं। किसी भी तरह के विरोध से निपटने के लिए क्षेत्र में चार कंपनी पीएसी भी तैनात की गई थी तथा कई थाना क्षेत्रों की पुलिस को बुलाया गया था। क्षेत्र में जाने वाले सभी रास्तों को बंद कर दिया गया था और धारा 144 लागू कर दी गई थी। सुबह 9 बजे जिला प्रशासन के आला अधिकारी कई बुलडोजर लेकर यहां पहुंचे और मकानों पर बुलडोजर चलाने शुरू कर दिए। मेट्रोपोल क्षेत्र में की जा रही इस कार्रवाई में कई दिन का समय लग सकता है क्योंकि 134 भवनों को तोड़ा जाना है। एसडीएम नैनीताल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कार्यवाही निर्विरोध जारी है।

उधर इस कार्रवाई से बेघर हुए लोगों का कहना है कि वह यहां 100 साल से भी अधिक समय से रह रहे थे। कई बुजुर्ग ऐसे थे जिनका कहना था कि वह यही पैदा हुए और पढ़े लिखे उनके कागजात इसका प्रमाण है और अब यह कह रहे हैं कि यह शत्रु संपत्ति है इस पर बने घर अतिक्रमण कर बनाए गए हैं। उन्हें तोड़ा जा रहा है वह बेबस है उनकी कोई सुनने को तैयार नहीं है वह अब कहां जाएंगे? सरकार उन्हें घर के बदले घर न सही घर बनाने को एक जमीन का टुकड़ा ही देती मगर हमारी किसी ने कोई बात नहीं सुनी।

# नाबालिग से छेड़छाड का आरोपी एक माह बाद गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। एक माह से फरार चल रहा नाबालिग से छेडछाड करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 22 जून 2023 को लक्ष्मीपुर विश्वनाथ एन्क्लेव प्रेमनगर निवासी महिला द्वारा मारपीट तथा अपनी नाबालिक पुत्री के साथ छेडछाड व अश्लील हरकत करने सम्बन्धी तहरीर दी। जिसके बाद पुलिस ने पोक्सो सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने आरोपी को पकडने उसके घर गयी तो पुलिस के पहुचने से पहले ही फरार हो गया था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम गठित की गयी। जिसके फलस्वरुप आज आरोपी नवीन को थाना प्रेमनगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। जिसको न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# स्कूटी चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने काम्प्लेक्स के बाहर से स्कूटी चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कालसी निवासी रेनू चौहान ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह किसी काम से राज प्लाजा आयी थी तथा उसने अपनी स्कूटी राज प्लाजा के बाहर खडी कर दी थी। लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आयी तो उसकी स्कूटी अपने स्थान से गायब थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# श्रमिकों से भरी बस दुर्घटनाग्रस्त एक की मौत, 28 गंभीर घायल



हमारे संवाददाता

उधमसिंहनगर। सड़क दुर्घटना के चलते आज सुबह श्रमिकों से भरी एक बस के अनियंत्रित होकर पलट जाने से जहां एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गयी वहीं 28 लोग गम्भीर रूप से घायल हुए है। सूचना मिलने पर पुलिस व स्थानीय प्रशासन द्वारा शव को कब्जे में लेकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया जहां उनमें से कई की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

सड़क दुर्घटना का यह मामला काशीपुर क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार यहां आज सुबह श्रमिकों से भरी बस के अचानक पलट जाने से एक श्रमिक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 28 से अधिक श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सूचना मिलने पर स्थानीय प्रशासन व पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घायलों को सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां उनका उपचार किया जा रहा है। वहीं गंभीर रूप से घायल श्रमिकों को अलग-अलग निजी अस्पतालों के लिए रेफर कर दिया गया है। बस पलटने का कारण ड्राइवर को नींद आना बताया जा रहा है। पुलिस हादसे की जांच करने के लिए जुट गई है। बता दे कि काशीपुर-रामनगर रोड स्थित काशी विश्वनाथ टेक्सटाइल कंपनी है। जिसमें हजारों की संख्या में श्रमिक काम करते हैं जिनको लाने और छोड़ने के लिए कंपनी द्वारा बस लगाई गई है उसी बस में हादसा हुआ है।

**आर.एन.आई.-** 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकारः**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*